# Form No. III

# फर्दअहकाम

(नियम 26)

अज अदालत **न्यायालय अति0 कलक्टर चित्तौड़गढ़** मुकाम **चित्तौड़गढ**

**बाबु खां** बनाम **संजय**

किस्मा मुकदमा **राजस्व अपील** नं0 **063** सन् **2016**

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 24.12.2020 | पत्रावली पेश हुई। उभयपक्ष अधि0 हमने पत्रावली का आद्योपांत अवलोकन किया। अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार भदेसर से प्राप्त अभिलेख पत्रावली 04/2015 अनवानी संजय बनाम सरकार निर्णय दिनांक 18.02.2016 का गहनता पूर्वक अवलोकन किया। मनन किया। अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार भदेसर के प्रकरण संख्या 04/2015 नि0दिनांक 18.02.2016 के विरूद्ध प्रथम अपील अंतर्गत धारा **75 LR ACT 1956** के तहत प्रस्तुत की गई। अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार भदेसर द्वारा अपीलाधीन आदेश दिनांक 18.02.2016 उनके प्रकरण संख्या 04/2015 में विधिवत सुनवाई जांच किये जाने के पश्चात् पारित किया गया। ऐसी स्थिति में अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार भदेसर द्वारा पारित आदेश दिनांक 18.02.2016 अंतर्गत धारा **135 LR ACT 1956** के तहत विवादित श्रेणी के प्रकरणों की कार्यवाही के तहत विधिवत सुनवाई की जाकर पारित किया गया है ऐसी स्थिति में अंतर्गत धारा **75 LR ACT 1956** के तहसीलदार द्वारा निर्णित विवादित श्रेणी के प्रकरणों की प्रथम अपील का क्षेत्राधिकार इस न्यायालय को प्राप्त नही होकर माननीय न्यायालय संभागीय आयुक्त महोदय को है ऐसी स्थिति में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है एवं प्रकरण को सक्षम न्यायालय में प्रेषित किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः हस्तगत अपील में कार्यवाही इसी स्तर पर समाप्त किये जाने का आदेश दिया जाता है। प्रकरण को माननीय संभागीय आयुक्त महोदय उदयपुर को भिजवाया जावें। पत्रावली का मुसन्ना रिकार्ड में रखा जावें। तद्नुसार अभिलेख में अंकन किया जावें। तहसीलदार भदेसर से प्राप्त अभिलेख प्रकरण संख्या 04/2015 निर्णय दिनांक 18.02. 2016 जो इस पत्रावली के हम किता है को भी माननीय न्यायालय संभागीय आयुक्त महोदय, उदयपुर को भिजाया जावें। पत्रावली की गणना निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही के मूल पत्रावली माननीय न्यायालय को भिजवाई जावें। आदेश खुले न्यायालय में सुनाया गया।<br><br>सत्यमेव जयते<br>Web Copy - Not Official<br><br>– ह0 –<br>(मुकेश कुमार कलाल)<br>अतिरिक्त कलेक्टर,<br>(प्रशासन) चित्तौड़गढ़<br>24.12.2020<br><br>Signature Not Verified<br>Digitally signed by Mukesh Kumar<br>Date: 2021.01.05 18:48:05 IST<br>Reason: SelfAttested | |